## खबर संक्षेप



यमुनानगर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### सुरेंद्रा हाई स्कूल की टीम ने जीती खो-खो प्रतियोगिता

**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर वीरवार को कक्षा छठी, दसवीं व ग्याहरवीं कक्षा के बच्चों ने कबड्डी, रिले रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, खो खो प्रतियोगिता, बैडमिंटन, लॉंग जंप, हाई जंप, डिस्कश थ्रो व शॉटपुट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान खो खो प्रतियोगिता में सुरेंद्रा हाई स्कूल की टीम ने जीत दर्ज की। जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में सुरेंद्रा हाई स्कूल की टीम व वॉलीबॉल में संजय गांधी स्कूल की टीम ने जीत दर्ज की। वहीं, सौ मीटर दौड में निकिता, ज्योति, दिव्या, विशांत, पुलकीत व प्रिंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 200 मीटर में वंशिका, सोनम, वंशिका कुमारी, सुमित, पुलकीत सबसे तेज दौड़ी।

### साढ़ौरा व रादौर क्षेत्र के चार गांव में संकल्प यात्रा के पहुंचने पर हुआ स्वागत

# घर द्वार पर मिल रहा लोगों को सरकार की योजनाओं का सुगमता से लाभः बलवंत

- यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत की दिलाई शपथ
- साढ़ौरा क्षेत्र के गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में पूर्व विधायक बलवंत सिंह व रादौर क्षेत्र में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर। साढ़ौरा खंड के गांव अराइयांवाला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलवाते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह व रादौर खंड के गांव सारन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। फोटो :हरिभूमि

जिले के साढ़ौरा क्षेत्र में गांव अराइयांवाला व धनौरा कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, रादौर खंड के गांव सारन व भोगपुर में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। मौके पर ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। साढ़ौरा के अराइयांवाला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प है। आज भाजपा सरकार में घर द्वार पर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है।

मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह व जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया।

इस दौरान रोशन लता, जंगशेर, जय प्रकाश, सुरेश पाल, प्रकाशो देवी की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई तथा स्वामित्व योजना के तहत धर्मपाल, रमेश कुमार, महावीर को रजिस्ट्री वितरित की गई। वहीं, समाज सेवी देवेन्द्र सिंह, कर्मचंद, सुरमुख, रामनाथ, शेर सिंह, गुलजार, दलजीत सिंह, मोहन सिंह, स्वयं सहायता समूह से नीलत व मीना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुरेन्द्र कौर, प्रेमो देवी, आशावर्कर पूनम, श्री रविदास मंदिर के पुजारी बचन सिंह को सम्मानित किया गया।

हरियाणा राज्य अजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की संध्या, सतिन्द्र कौर, सरिता व छाया को व आंगनवाड़ी वर्कर शशी, संतोष, कमारे, बलविन्द्र कौर व सुरेन्द्र पाल को तथा आशा वर्कर रेखा, रीटा, राम कौर, कमलेश व बेबी को सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, जिला परिषद सदस्य सर्वजीत रघुवंशी आदि मौजूद थे।

### सारन व भोगपुर में हुए जनसंवाद कार्यक्रम

*रादौर के गांव सारन व भोगपुर में विकसित भारत जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव सारन में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 लाभ पात्रों की पेंशन बनाई गई। पांच लाभपात्रों के बीपीएल राशन कार्ड बनाए गए। स्वामित्व योजना के तहत पांच लाभ पात्रों को रजिस्ट्री दी गई तथा पांच लाभ पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।*

### गांव कुराली श्मशाम घाट से सफेदे के 14 पेड़ चोरी

- साढौरा फोरेस्ट रेंज के कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** चोरों ने गांव कुराली शमशान घाट के पास से सफेदे के 14 पेड़ चोरी कर लिए। पुलिस ने साढौरा फोरेस्ट रेंज के कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फोरेस्ट रेंज के कर्मचारी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह साढौरा-बिलासपुर रोड पर गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव कुराली के शमशान घाट के पास से चोरों ने सफेदे के पेड़ काटकर चोरी कर लिए है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। वहां से सफेदे के 14 पेड़ कटे मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अमर विहार कॉलोनी निवासी कविता ने बताया कि वह चार दिसंबर को घर का ताला लगाकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दूसरे मकान में रहने के लिए चले गए थे। शाम को जब वह अपने पुराने मकान में आई तो उसने देखा कि पेटी का लगा ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर घर से कांसा के बर्तन, ग्रेंडर, प्रैस, सिलाई मशीन व अन्य लोहे का सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रवित व ताशवी ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

- राजकीय मॉडल वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय सरस्वती नगर में आयोजित हुई जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में विजेता बच्चे स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरस्वती नगर में जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के बारहवीं कक्षा अ के विद्यार्थी प्रवित व ताशवी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि गत दिवस सरस्वती नगर के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान पर आधारित जिलास्तरीय प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के बारहवीं कक्षा अ के प्रवित व ताशवी तथा आठवीं अ की अर्शिया व सिदक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेने पहुंचे समाज के लोग।

### शहीद उधम सिंह के जन्मदिवस पर होगा रक्तदान शिविर

**रादौर।** कांबोज सभा के सदस्यों की वीरवार को शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद उधम सिंह के जन्मदिवस पर 26 दिसंबर को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता वेद कांबोज ने की। वेद कांबोज ने बताया कि शहीद उधम सिंह के जन्म दिवस पर 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे रादौर की कांबोज धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा किसभी को शहीदों के मान सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर योगदान अवश्य देना चाहिए। इस अवसर पर अरुण कुमार, विपिन चमरौड़ी, अमित कांबोज, राजेश रतनगढ़, वागीश दोहली, सोनी, सतीश, नवनीत, आयुष व शुभम आदि मौजूद थे।

# क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शिविर में पानी बचाने का लिया संकल्प

- जल जीवन मिशन के अंतर्गत रादौर ब्लॉक के जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के रादौर में आयोजित शिविर में सरपंचों को पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए एफटीके वितरित करते हुए जिला सलाहकार व उपमंडल अभियंता।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से रादौर ब्लॉक के जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों को प्रोजेक्टर द्वारा जल संरक्षण पर लघु फिल्में दिखाई गई। जिसके बाद सभी ने जल बचाने का संकल्प लिया। शिविर में विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने जल एवं सीवरेज कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन जल एवं सीवरेज समिति भी दिखाई। इस अवसर पर सभी को पानी की शुद्धता जाचने के लिए फील्ड टेस्टिंग किट वितरित की गई। एसडीओ रवि नायक ने भी जल संरक्षण बारे जागरूक किया। रिसोर्स पर्सन मुकेश शर्मा ने सभी को जल एवं सेवरज समिति के कार्यों एवं जिम्मेदारी के बारे में भी बताया। मौके पर जूनियर इंजीनियर रामेश्वर कुमार, विभाग के कर्मचारी अनूप राणा, मोहन शर्मा व अंशुल समेत विभिन्न गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

# जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की सुनी समस्याएं

- आजादी के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल होगा भारत: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर के जगाधरी क्षेत्र के गांव दमोपुरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश की आजादी के सौ वर्ष पूरे होने पर भारत विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल हो जाएगा। उन्होंने वीरवार को गांव दामोपुरा व मंडौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उक्त बात कही। मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो यह सपना संजोया है। उस सपने को हमने पूरा करना है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि पहली ऐसी सरकार है जो लोगों की समस्याओं को ढूंढकर उनके घर द्वार पर आकर उनका निवारण करने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने गांव दमोपुरा में आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता व कुसुम देवी को सम्मानित किया। वहीं, स्कूल के बच्चों सुमन देवी, गगन, शगुन, कनक व आयुष को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, तहसीलदार सुदेश मेहरा, मंडौली के सरपंच बिट्टू व दामोपुरा सरपंच संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# अनियमित नहीं रहने दी जाएगी कोई भी कॉलोनीः मेयर

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर। ड्रोन उड़ाकर अवैध कॉलोनियों के सर्वे का शुभारंभ करते मेयर मदन चौहान।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र में नियमित होने से शेष रह गई अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की कवायद शुरु हो गई है। वीरवार को नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने ड्रोन सर्वे का शुभारंभ कर निगम क्षेत्र में शेष बची अनियमित कॉलोनियों का सर्वे करवाना शुरु कर दिया है। मेयर मदन चौहान ने निगम क्षेत्र में किसी भी कॉलोनी को अनियमित नहीं रहने देने का दावा जताया है। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने खुद ड्रोन उड़ाकर इस सर्वे का शुभारंभ किया। मेयर मदन चौहान ने बताया कि ड्रोन सर्वे से नगर निगम क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों व वैध हुई कॉलोनियों के बीच के अवैध क्षेत्र का पता लगाया जाएगा। इसके अलावा यह पता लगाया जाएगा कि कहां कहां कॉलोनियां बसी हुई हैं। उनमें कौन कौन सी अवैध है। वैध कॉलोनियों के बीच में कौन सा एरिया अवैध है। कौन सी कॉलोनी कितने एरिया में फैली है। सड़कें कितनी चौड़ी हैं और किस एरिया में कितनी कॉलोनियां बसी हुई हैं। सर्वे के बाद इन कॉलोनियों को नियमित किए जाने की प्रक्रिया की जाएगी। बची हुई अवैध कॉलोनियां नियमित होने से उनमें भी विकास के द्वार खुलेंगे।

### सर्वे में जुटाया जाएगा ब्योरा

*मेयर मदन चौहान ने बताया कि निगम क्षेत्र में जो कॉलोनियां या क्षेत्र वैध होने से रह गए हैं। उनमें ड्रोन सर्वे सहित मार्किंग व जीआईएस (जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम) पर करीब 49 लाख खर्च होंगे। हाल ही में हुई हाउस की बैठक में इस प्रस्ताव को पास भी किया गया था। जिसके बाद अब इस पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन सर्वेक्षण में उनका पूरा प्रयास रहेगा कि नगर निगम क्षेत्र में कोई भी कॉलोनी शर्तें पूरी करने के बावजूद वैध होने से वंचित न रहे। इसी के तहत अवैध बची कॉलोनियों में यह ड्रोन सर्वे, मार्किंग व जीआईएस का काम होना है। ताकि वैध होने की शर्तें पूरी करने वाली अवैध कॉलोनियों को सरकार द्वारा वैध करवाया जा सके।*

# केशव ने नार्थ जोन 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

- प्रतियोगिता जीतने के बाद केशव का राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विजेता छात्र केशव का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा।

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी के नौवीं कक्षा के छात्र केशव ने गत दिवस डीएवी फरीदाबाद में आयोजित जोनल गेम्स नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में 10 मीटर एटर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। नार्थ जोन प्रतियोगिता जीतने के बाद अब छात्र केशव का राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। वीरवार को छात्रा केशव का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने बताया कि गत दिवस डीएवी स्कूल फरीदाबाद में जोनल गेम्स में नार्थ जोन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नार्थ जोन प्रतियोगिता में उनके स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र केशव ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में जीत का परचम फहराया। उन्होंने बताया कि केशव ने राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने इस उपलब्धि के लिए केशव व उसके माता पिता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कि भविष्य में भी छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**कार्यक्रम** जिले में कोरोना मरीजों के लिए की 144 आईसीयू बेडस की व्यस्था

# कोरोना वायरस से निपटने के लिए जिले में बनाया स्पेशल कोविड वार्ड

- गत जुलाई से लेकर अब तक जिले में नहीं मिला कोई कोरोना से पीड़ित मरीज

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर। नागरिक अस्पताल में कोरोना के लिए बनाए गए स्पेशल वार्ड की जांच करते हुए पीएमओ डॉ. दिव्य मंगला।

सर्दी का मौसम शुरु होते ही देश के केरल समेत विभिन्न राज्यों में मिल रहे कोरोना के मरीजों को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए अलर्ट हो गया है। कोरोना संकट से बचाव को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कोरोना मरीजों के लिए जहां एक स्पेशल कोविड वार्ड बना दिया गया है, वहीं, प्राइवेट व राजकीय अस्तपतालों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं और प्राइवेट व राजकीय अस्पतालों में बैडस की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है। हालांकि गनीमत यह है कि अभी तक जिले में कोरोना से पीड़ित कोई मरीज नहीं मिला है। मगर इसके बावजूद जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना संकट पर काबू पाने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है। जिले में गत अप्रैल से लेकर अब तक जिले में कोरोना की जो स्थिति रही है उसमें गत अप्रैल में 7158 सैंपल लिए थे। जिनमें 661 मरीजों की पॉजिटिव रिपोर्ट मिली थी। वहीं, गत मई माई में कुल 3003 सैंपल लिए गए और 132 की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद गत जून माह में 1403 सैंपल लिए गए और कुल दो कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले थे। खास बात यह कि जुलाई से दिसंबर तक जिले में कोरोना का कोई मरीज नहीं मिला।

### कोरोना से निपटने के लिए की गई तैयारियां

*जिला स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की मानें तो जिले के 22 प्राइवेट अस्पतालों, सात कम्युनिटी हेल्थ सेंटर व दो राजकीय अस्पतालों में 31 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इन अस्पतालों में आइसोलेशन बैडस की संख्या 690 रखी गई है। वहीं, नोन-02 बैडस की संख्या 202 रखी गई है। जबकि 02 स्पोर्टिड आइसोलेशन बैडस की संख्या 488 है। वहीं, कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए 144 आईसीयू बैडस की व्यवस्था की गई है। जबकि 75 वेंटिलेटर बैडस बनाए गए हैं। खास बात यह है कि नीब्यूलीजर्स 131, ओक्सीमीटर्स 251, ऑक्सीजन कॉट्रेक्टर 299 व ऑक्सीजन सिलेंडर 662 रखे गए हैं। खास बात यह है कि जिले में कोरोना संकट पर काबू पाने के लिए जिले में चार पीएसए प्लांट मौजूद हैं। वहीं, लिक्विड मैडिकल ऑक्सीजन स्टोर्स टैंकस 10 रखे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि जिले में कोरोना से निपटने के लिए एक स्पेशल वार्ड तैयार कर दिया गया है।*







महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

# कुम्हार कला को जीवंत कर रहा पैवेलियन

## हरियाणा पैवेलियन हरियाणवी लोक संस्कृति का ऐसा केन्द्र बन चुका है जिसमें हरियाणा की समस्त कलाएं जीवंत हो रही

- हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की कुम्हार कला को लाईव चॉक पर कुम्हार से जुड़ी विषय-वस्तुओं को बनाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की कुम्हार कला को लाईव चॉक पर कुम्हार से जुड़ी विषय-वस्तुओं को बनाते हुए प्राचीन परम्परा को जीवंत कर रहा है हरियाणा पैवेलियन। हरियाणा पैवेलियन हरियाणवी लोक संस्कृति का ऐसा केन्द्र बन चुका है जिसमें हरियाणा की समस्त कलाएं जीवंत हो उठी हैं।

हरियाणा पैवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोक जीवन में कुम्हार का काम मिट्टी के बर्तनों का निर्माण करना है। आरम्भ में मनुष्य ढाक, केले आदि के पत्तों पर भोजन करने और पानी पीने का काम लेता था। धीरे-धीरे पत्थर और लकड़ी को कांट-छांट कर काम चलाऊ पात्र बनाए, यज्ञ आदि के समय आज भी पत्थर की कूंडी, लकड़ी का सरोहा आदि काम में लाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कुम्हार के पात्रों का वर्णन वैदिक कालीन साहित्य में मिलता है। मिट्टी, मृत्तिका या गृदा के पात्र मानव समाज की बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति का परिणाम है। इसके निमार्ता को ब्रह्मा या प्रजापति के समान माना गया। ब्रह्मा जिस प्रकार सृष्टि के जीवधारियों का जन्मदाता माना जाता है, उसी प्रकार कुम्भकार भी मिट्टी को पात्र, खिलौनों आदि बनाकर एक सृष्टि की रचना करता है। अंतर इतना ही है कि ब्रह्मा अपनी सृष्टि में प्राण फूंक सकने में सक्षम है तथा कुम्भकार की अपनी सीमाएं हैं। डॉ. पूनिया ने कहा कि कुम्भकार या कुम्हार द्वारा मिट्टी के पात्रों का निर्माण एक जटिल प्रक्रिया है। पात्र बनाने के लिए कुम्हार कईं स्थानों से उपयुक्त मिट्टी एकत्र करता है। शीतकाल में जोहड़ की तलहट की मिट्टी चिकनी भी होती है तथा इससे निर्मित घड़े का पानी भी शीतल होता है। पृथ्वी की प्रकृति के अनुसार कुछ स्थानों की मिट्टी चिकनी होती है। कुम्हार गहरे गड्ढों में नीचे से चिकनी मिट्टी निकालता है। कुम्हार इन्हें कुम्हारधने कहते हैं। हरियाणा पैवेलियन में कुम्हार की परम्परा को जीवंत रखा गया है। यहां पर लाईव चॉक के माध्यम से कुम्हार मटके, मटकी, कुल्हड़ी, दीया, सुराही, कसोरे बना कर दिखा रहा है। डॉ. पूनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रयास हरियाणा की लोक संस्कृति को युवाओं से जोड़ना है और इस कडी में हम कामयाब भी हुए है।

### लाखों पर्यटकों के स्वाद को मीठा किया असमिया पारम्परिक पीठा डिश ने

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले लाखों पर्यटकों ने बड़े चाव के साथ असम प्रदेश की पारम्परिक डिश पीठा का स्वाद चखा। इस डिश को तैयार करने में किसी भी प्रकार के तेल और घी का प्रयोग नहीं किया गया। इस डिश के साथ-साथ तिल के लड्डू और अन्य प्रकार की मीठी डिश पर्यटकों के लिए तैयार की गई है। इस डिश को असम प्रदेश की महिला उद्यमी अंजू मोनी भट्टाचार्य ने तैयार किया है। यह स्टॉल पार्टनर स्टेट असम के पवेलियन में लगाया गया है।

### राज्य प्रदर्शनी का श्रम राज्यमंत्री ने किया अवलोकन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगी हरियाणा राज्य प्रदर्शनी में लोगों की लंबी कतार लगी हुई है। बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं और अलग-अलग विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में सरकार की योजनाओं से जुड़ी जानकारी ले रहे हैं। ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तम बाग में लगी इस राज्य प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। इसे हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से लगाया गया है। अहम पहलू यह है कि वीरवार को हरियाणा के श्रम राज्यमंत्री अनूप धानक ने राज्यस्तरीय प्रदर्शन का अवलोकन करने के लिए महोत्सव में पहुंचे। श्रम राज्यमंत्री अनूप धानक ने राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वीआर तकनीक के माध्यम से गीता जन्म स्थली ज्योतिसर के लाईव दर्शन भी किए।

### ड्राई फ्रूट के साथ तैयार किया जा रहा कश्मीरी काहवा ठंडक में दे रहा है गर्माहट का स्वाद




ब्रह्मसरोवर तट पर कश्मीर के कहवा का स्वाद चख रहे हैं पर्यटक, बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में स्टॉल नंबर 380 पर जम्मू कश्मीर के गुलिस्तान सैल्फ हैल्प ग्रुप द्वारा विशेष प्रकार का कहवा में ड्राई फ्रूट आदि डालकर तैयार किया जा रहा है, जिसकी कीमत मात्र 50 रुपये रखी गई है। इस स्टॉल पर काम कर रहे तारिक अहमद सौंफी तथा शब्बीर अहमद ने बताया कि वे पिछले कई सालों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आ रहे हैं और उनकी स्टॉल पर कश्मीरी कहवा पीने वाले पर्यटक भारी संख्या में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कहवा कश्मीर में 50 रुपये प्रति कप मिलता है और उसी रेट पर वे यहां कहवा में ड्राई फ्रूट आदि डालकर लोगों को दे रहे हैं, जिसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुलिस्तान सैल्फ हैल्प ग्रुप मेजह बिना बेगम के नेतृत्व में चल रहा है जिसमें 20 महिलाएं जुड़ी हुई है, इस ग्रुप को वित्तीय सहायता के साथ-साथ सस्ती दर पर सरकार द्वारा ऋण भी उपलब्ध करवाया गया है, जिससे यह ग्रुप महिला सदस्यों को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग कर रहा है। स्टॉल पर अखरोट, कश्मीरी शहद, केसर, अंजीर तथा शिलाजीत व ड्राईफुट भी पर्यटकों को बेहतरीन क्वालिटी का उचित दामों पर दिया जा रहा है।

### कोशिका तंत्र को मजबूत कर कर रही है जर्मनी पद्धति की चिकित्सा सेवा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर 758 नंबर शॉप पर डॉ हरविंदर कौर कोशिका तंत्र को मजबूत कर शरीर के सभी रोगों को ठीक ही नहीं कर रही है बल्कि यह सेवा निशुल्क रूप से दे रही हैं। हरविंदर कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह निशुल्क रूप से क्यूआरएस जर्मनी पद्धति के माध्यम से शरीर की विभिन्न बीमारियों को ठीक करती हैं। यह पद्धति कोशिका तंत्र को खोलकर उन्हें मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि शरीर में सोडियम, कैल्शियम ऑक्सीजन इत्यादि की जब कमी हो जाती है तो हमारी कोशिकाएं सिकुड़ जाती हैं। वे विभिन्न जर्मनी पद्धति के आधार पर इन कोशिकाओं को खोलकर शरीर में धारण सोडियम, कैल्शियम ऑक्सीजन इत्यादि को शरीर के अन्य भाग में भेजने का काम करती हैं। डॉ हरविंदर कौर ने बताया कि शरीर में खून का जमना, शरीर में दबाव महसूस करना, किसी भी तरह की स्ट्रेस, हेडएक इत्यादि को ठीक किया जाता है।

---

**खबर संक्षेप**

### प्रिंस देशवाल के निधन पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** गांव सरायसुखी में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व समाजसेवी रण सिंह देशवाल के युवा पुत्र प्रिंस देशवाल के निधन पर शोक जताने के लिए जाट समाज व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अखिलभारतीय जाटमहासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह व लाडवा हल्के से विधायक मेवा सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, जिला परिषद के पूर्व मेंबर संजीव भूखड़ी, दलजीत सिंह सहित गणमान्या नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

### अमृत गर्ग बने खाटू श्याम मित्र मंडल के प्रधान

**लाडवा।** सोमवार सांय लाडवा की धार्मिक संस्था श्रीखाटू श्याम मित्र मंडल की एक बैठक हुई जिसमें डॉ अमृत पाल गर्ग को मंडल का फिर से प्रधान घोषित किया गया। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे जिनकी अध्यक्षता में मंडल संरक्षक गुलजारी लाल गर्ग एवं राजेश गोयल को बनाया गया।

### डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा स्मृति ग्रन्थ का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में समाज गौरव डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा स्मृति ग्रन्थ विमोचन एवं विद्या भारती साहित्य केन्द्र का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य-वक्ता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री गोविन्द चन्द्र मोहंत थे।

## योग व ध्यान साधना करने से अंतः मन को प्राप्त होती है शांति : पॉलोमी मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा योग आयोग के ध्यान शिविर के पांचवें दिन शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं आयोग के अधिकारी व कार्यकर्ता।

हरियाणा योग आयोग के आठ दिवसीय ध्यान योग शिविर के पांचवें दिन आज आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा योगाभ्यास व ध्यान साधना करवाई गई। गौरव ने मधुर स्वर में सुंदर भजन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की कोलकाता से आई क्षेत्रीय निदेशक, राजकीय कार्यक्रम एवं परियोजना, बहन पॉलोमी मुखर्जी, विशिष्ट अतिथि करनाल से आई बहन शुचिका बत्रा, पंजाब प्रांत के भैया संतोष शर्मा, कुरुक्षेत्र की रितु ढींगरा, कैथल की कंचन सेठ, यमुनानगर के भैया सुमित छाबड़ा, हरियाणा योग आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल योगाचार्य और उज्जैन से आए गोविंदाचार्य का आयोग के अधिकारियों व सहयोगी संस्थाओं की ओर से पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। सभी अतिथियों, आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र व सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा सहित सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### शक्तिपीठ में पहली बार आएंगे देश के गृहमंत्री

**कुरुक्षेत्र।** माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में यह पहला मौका होगा, जब देश के गृहमंत्री शीश नवाने यहां पहुंचेंगे। हालांकि इससे पहले देश के गृह राज्य मंत्री आईडी स्वामी यहां पूजा अर्चना कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भद्रकाली शक्तिपीठ का वर्णन धर्मग्रंथों में इसलिए भी मिलता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध से पहले पांडवों को विजयश्री का आशीर्वाद दिलाने के लिए यहाँ विशेष पूजा कराई थी और विजय प्राप्ति के बाद मां भगवती के चरणों में घोड़े अर्पित कराए थे। वर्तमान में भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह यहां तीन राज्यों में हुई जीत के बाद घोड़े अर्पित करेंगे। लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उनकी धर्मपत्नी सोनल शाह ने भी यहां पूजा अर्चना की थी।

## गीता महोत्सव में लगाया चाय का लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में 10 दिसंबर से लेकर लगातार 24 दिसंबर तक कश्यप राजपूत सभा एवं धर्मशाला के द्वारा गीता महोत्सव में आए पर्यटकों के लिए फ्री चाय का लंगर लगाया गया है। मेले में सभी पर्यटक व शिल्पकार थके हुए जब इस फ्री चाय के लंगर पर पहुंचते हैं तो वह दिल से दुआएं देते हैं और कश्यप राजपूत सभा व धर्मशाला का आभार भी व्यक्त करते हैं। कश्यप राजपूत सभा के सचिव संजीव कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि वह पिछले कई वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में यह फ्री चाय का लंगर लगा रहे है। उन्होंने कहा कि चाहे एक दिन में लाखों की संख्या में पर्यटक उनके चाय के लंगर पर पहुंचे वह सभी को फ्री चाय का लंगर देते हैं।

### भारतीय सनातन संस्कृति से करवाया अवगत



**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के शुभ अवसर पर कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर आचार्य आत्मन द्वारा वैदिक संस्कृति दर्शन पीठ ज्योतिसर की ओर से भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति के मूल्यों को लोगों को जनाने के लिए स्टाल न. 641 के माध्यम से ऋषियों व विद्वानों के वैदिक साहित्य देकर और लोगो से परसपर संवाद करके उनकी शंकाओ का समाधान करके भारतीय सनातन संस्कृति को जनाया जा रहा है। योग-ध्यान, दर्शन-उपनिषद, गीता, वेद, आयुर्वेद आदि के बहुमूल्य ज्ञान को जगाया जा रहा है।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी गठन को प्रक्रिया शुरू



**थानेसर।** बैठक में भाग लेते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य।

**थानेसर।** प्राथमिक शिक्षकों के सबसे बड़े संगठन राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के आगामी तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी के गठन करने संबंधी प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कुरुक्षेत्र के निवर्तमान प्रधान राजेंद्र टंडन व संदीप चौहान ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के आदेश अनुसार कुरुक्षेत्र जिले की कार्यकारिणी का गठन के साथ-साथ सभी खंडों की कार्यकारिणियों का गठन भी जल्द किया जाएगा। खंड कार्यकारिणियों के गठन के बाद जिले की कार्यकारिणी का गठन होगा एवं उसके बाद राज्य कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को खंड थानेसर की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिसमें संयोजक के रूप में नरेश फूले, पर्यवेक्षक के रूप में संदीप कुमार, राजेंद्र जांगड़ा, अमन पाल रहेंगे। इसी प्रकार 26 दिसंबर मंगलवार को बाबैन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जिसमें संयोजक अशोक कुमार व पर्यवेक्षक के तौर पर सुखदेव सिंह, विनोद मालरा व सुखविंदर सिंह रहेंगे। पेहवा में 27 दिसंबर बुधवार को खंड शिक्षा कार्यालय ग्राउंड में कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जिसमें संयोजक के रूप में राजेंद्र जांगड़ा, पर्यवेक्षक के रूप में मोनिका भारद्वाज, देवदत्त व रामकुमार रहेंगे।

## आप की बदलाव यात्रा को मिल रहा भारी जनसमर्थन: जवाहर गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आप नेता जवाहर लाल गोयल।

आम आदमी पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल ने कहा कि प्रदेश में आप पार्टी की बदलाव यात्रा को पूरे प्रदेश में भारी जनसमर्थन मिल रहा है। बदलाव यात्रा के दौरान जिस तरह से लोग इसका स्वागत कर रहे हैं, उससे साफ है कि हरियाणा की जनता भाजपा-जेजेपी गठबंधन सरकार की जन विरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। गोयल ने कहा कि यह बदलाव यात्रा इसलिए भी जरूरी है जिसके माध्यम से जनता को यह बताया जा रहा है कि एक तरफ पंजाब में पंजाब के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने शिक्षा पर बजट में 338.6% बढ़ोतरी की है जबकि हरियाणा की खट्टर जी की सरकार ने हरियाणा में शिक्षा पर बजट में 11.76% की कटौती की है (इसी प्रकार स्वास्थ्य में पंजाब सरकार ने 395.7 % से ज्यादा जबकि हरियाणा सरकार ने बजट में केवल मात्र 85.25% की ही बढ़ोतरी की है। गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री राजस्थान चुनाव में जाकर यह गारंटी दे रहे थे कि वहां गैस सिलेंडर 450 रुपए में दिया जाएगा। अगर राजस्थान की महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा सकते हैं तो हरियाणा की महिलाओं ने क्या कसूर किया है कि उन्हें गैस सिलेंडर 900 रुपये में मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

### अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस पर ऑनलाइन सत्र हुआ

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस के उपलक्ष्य में एक आकर्षक ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया। सत्र में 13वें बैच से 18वें बैच के शालिनी ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य एकता की भावना को बढ़ावा देना और बदलाव की वकालत करना था। मुख्य वक्ता उदयन शालिनी फैलोशिप की कनवीनर डॉ. सुषमा शर्मा ने विशिष्ट वक्ता अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल का स्वागत किया, जिन्होंने वर्ष की थीम 'परिवर्तन की वकालत' पर प्रकाश डाला।

### बैठक में कर्मचारियों की मांगों के बारे में चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 एवं हरियाणा रिटायर कर्मचारी तालमेल कमेटी ब्लॉक बाबैन की मीटिंग स्थानीय वाटर सप्लाई पर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन ब्लॉक सचिव रतनलाल जास्ट ने किया। मीटिंग में जिला कार्यकारिणी की ओर से जिला सचिव बरखाराम जास्ट व प्रांतीय उप प्रधान प्रेम सिंह बेरथली उपस्थित रहे। मीटिंग में सरकार की रिटायर कर्मचारी विरोधी नीतियों व रिटायर कर्मचारियों की मांगों में समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य मांगे जैसे 65 वर्ष की आयु होने पर 5% 70% वर्ष की आयु होने पर 10% व 75 वर्ष की आयु होने पर 15% पेंशन वृद्धि करना व मेडिकल कैशलेस सुविधा पूर्ण रूप से लागू करना एक्स ग्रेशिया नीति पूर्ण रूप से लागू करना पुरानी पेंशन बहाल करना आदि मांगों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखें।

## सांसदों को निलंबित करना लोकतंत्र का गला घोटने के समान : शर्मा

- सांसदों पर की गई यह कार्रवाई अलोकतांत्रिक है और अमर्यादित है: लक्ष्मीकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीकांत शर्मा एडवोकेट ने कहा है कि केंद्र सरकार ने संसद में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित करके लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सांसदों पर की गई यह कार्रवाई अलोकतांत्रिक है और अमर्यादित है। उन्होंने कहा कि भाजपा को डर है कि सांसद संसद के अंदर उनके खिलाफ बोल ना सके और इसी डर के चलते भाजपा ने विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर तानाशाही का सबूत दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके भाजपा अपने विरोधियों की आवाज को दबाना चाहती है और इससे यह साबित भी हो गया है कि पहली बार देश के अंदर इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित करने का काम किया है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सांसदों पर यह कार्रवाई भविष्य के लिए खतरा है। अब विपक्ष को एकजुट होने का मौका है तभी वह भाजपा की अहंकार रूपी लड़ाई का जवाब दे पाएंगे।

### युधिष्ठिर ने हस्तिनापुर की राजगादी संभाल ली थी

## माता कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से मांगा दुःख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

गीता जयंती के पावन अवसर पर श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में ज्योतिसर तीर्थ में शुरू हुए संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा महाभारत का युद्ध खत्म हो गया था। युधिष्ठिर ने हस्तिनापुर की राजगादी संभाल ली थी। धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो रहा था। एक दिन वो घड़ी भी आई जो कोई पांडव नहीं चाहता था। भगवान श्रीकृष्ण द्वारिका लौट रहे थे। सारे पांडव दुःखी थे। श्रीकृष्ण को पांडव अपने शरीर का हिस्सा मानते थे, जिसके अलग होने के भाव से ही वे कांप जाते थे। लेकिन श्रीकृष्ण को तो जाना ही था। कोई भी श्रीकृष्ण को जाने नहीं देना चाहता था। भगवान श्री कृष्ण भी एक-एक कर अपने सभी स्नेहीजनों से मिल रहे थे। सबसे मिलकर भगवान श्री कृष्ण ने सभी को कुछ ना कुछ उपहार देकर द्वारका की तरफ प्रस्थान करने लगे। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि अंत में भगवान श्री कृष्ण पांडवों की माता और अपनी बुआ कुंती से मिले। भगवान श्रीकृष्ण ने कुंती से कहा कि बुआ आपने आज तक अपने लिए मुझसे कुछ नहीं मांगा। आज कुछ मांग लीजिए। मैं आपको कुछ देना चाहता हूं। कुंती की आंखों में आंसू आ गए।

उन्होंने रोते हुए कहा कि हे श्रीकृष्ण अगर कुछ देना ही चाहते हो तो मुझे दुःख दे दो। मैं बहुत सारा दुःख चाहती हूं। श्रीकृष्ण आश्चर्य में पड़ गए। श्रीकृष्ण ने पूछा कि ऐसा क्यों बुआ, तुम्हें दुःख ही क्यों चाहिए। कुंती ने जवाब दिया कि जब जीवन में दुःख रहता है तो तुम्हारा स्मरण भी रहता है। हर घड़ी तुम याद आते हो। सुख में तो यदा-कदा ही तुम्हारी याद आती है। अतः मुझे दुख ही चाहिए ताकि मैं तुम्हें हमेशा याद कर सकूं।

### मरीजों के लिए भेंट की दवाइयां

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने एलएनजेपी अस्पताल में मरीजों के लिए दवाइयां भेंट की। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अस्पताल में आने वाले टीबी मरीजों के लिए दवाइयों की जरूरत है। इस पर उन्होंने समिति की महिला विंग की सदस्य रीना से संपर्क किया। रीना ने मरीजों हेतु दवाइयां उपलब्ध करवाई जोकि मेडिकल ऑफिसर डा. दिनेश को दवाइयां भेंट की। डा. दिनेश ने समिति के पदाधिकारियों का आभार जताया। प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि समिति समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है।

### रक्त मशीनों ने नहीं बनाया जा सकता: रीना

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर के तट पर 749 नंबर स्टॉल पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। समिति की महिला विंग की सदस्य रीना ने कहा कि रक्त बनाया नहीं जा सकता। यह दान से ही मिलना संभव है। रक्तदान से हम किसी को सीधे जीवनदान देते हैं। इसलिए इसे महादान कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### शराब सहित दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मबीर उर्फ दवदिं को 9 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया गया है। एक अन्य मामले में आरोपी विशाल को 52 पव्वे शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार किया है। धनौरा के रोहित ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 दिसंबर को गांव धनौरा में आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गोल्डी व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### मारने की धमकी देने का आरोपित पकड़ा

**अंबाला।** अंबाला शहर में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आठ आरोपी पहले पकड़े गए हैं। रतनगढ़ के दीपक ने 20 फरवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पेट्रोल पंप रणजीत नगर के पास आरोपी साहिल व अन्य ने उसे, उसकी पत्नी व उसके बुआ के पुत्र को डंडे, लोहे रॉड से हमला कर जख्मी कर दिया था। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी थी।

### विशेष अभियान चलाया पुलिस ने किए चालान

**अंबाला।** पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं यातायात के नियमों की पालना हेतु शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान रफ ड्राइविंग व गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के चालान किए गए।

### विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई

**अंबाला।** अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आजाद भारत में सबसे बड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही हैं। पिछले साढे नौ वर्षो में विकास के नाते देश मे जो आयाम स्थापित किए जा रहे है उस बारे यात्रा के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही हैं।

### 90 ग्राम अफीम सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 आरोपितों को 90 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम सायंकालीन गश्त दौरान बस अड्डा क्योड़क के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि महेश गिरी बाबा डेरा निवासी देवगिरी अफीम बेचने का धंधा करता है।

### दो दुकानों के टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर दो दुकानों के ताले तोड़ कर सामान तथा नगदी को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कश्मीर घाटी जुड़ेगी शेष रेलवे नेटवर्क से, कटरा-बलिहाल सैक्शन के बीच टनल टी-1 का ब्रेक थ्रू करने में पाई सफलता

**3209 मीटर लंबी सुरंग टी-1 के ब्रेक थ्रू के दौरान रेलवे इंजीनियर्स को कई चुनौतियों का करना पड़ा सामना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

रेलवे ने ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला (यूएसबीआरएल) रेल परियोजना के तहत निर्माणधीन कटरा-बनिहाल सैक्शन के बीच टनल टी-1 का ब्रेक-थ्रू करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वीरवार को 3209 मीटर लंबी सुरंग टी-1 के ब्रेक-थ्रू के दौरान लाइन और लेवल को सटीक तरीके से सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। यह शानदार उपधि प्रगति और संपर्क विस्तार की दिशा में एक बड़ी छलांग साबित होगी। राष्ट्रीय रेल परियोजना के अंतर्गत उत्तर रेलवे के लिए कोंकण रेल निगम लिमिटेड द्वारा रियासी जिले में कटरा के निकट त्रिकुटा पहाड़ियों की तलहटी में सुरंग टी-1 का नर्माण किया जा रहा है। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत यह ब्रेक-थ्रू इस लिहाज से एक शानदार उपलबधि है कि इस परियोजना के लिए सभी आवश्यक सुरंगों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

## दुर्गम क्षेत्र और सुरंग के अंदर से भारी मात्रा में आने वाले जल प्रवाह का भी करना पड़ा सामना

**अनेक बाधाएं सामने आई**

111 किलोमीटर के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र वाला कटरा-रियासी के हिस्से के निर्माण के दौरान अनेक बाधाएं सामने आईं। इसके लिए वैश्विक विशेषज्ञों को भी साथ लेने की आवश्यकता पड़ी। हिमालयन मेन बाउंड्री थ्रस्ट से होकर गुजरने के कारण सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण के रूप में जानी जाने वाली सुरंग टी-1 के निर्माण में अनेक भौगोलिक चुनौतियों, जिनमें दुर्गम क्षेत्र और सुरंग के अंदर से भारी मात्रा में आने वाले जल प्रवाह का भी सामना करना पड़ा। यह सुरंग निचले हिमालय से होकर गुजरती है और यह ज्वाइंटिड और फ्रैक्चर्ड डोलोमाइट वाली भी है। साथ ही इसका लगभग 300 से 350 मीटर का बड़ा हस्सिा एक बड़े जलप्रपात, जिसे कि मेन बाउंड्री थ्रस्ट के रूप में जाना जाता है से होकर गुजरता है। भारी जल प्रवाह वाले इस जलप्रपात की उपस्थिति के कारण इस हस्सि में सुरंग की खुदाई का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण रहा ।प्रारंभ में, इस सुरंग की खुदाई परंपरागत एनएटीएम टनलिंग फिलोस्फी पद्धति से की गई किंतु मेन बाउंड्री थ्रस्ट के वस्कि-इलास्टिक प्लास्टिक मीडिया को व्यवस्थित करने के लिए इसे डीप ड्रेनेज पाइपों, अम्ब्रेला पाइप रूफिंग, केमिकल ग्राउटिंग, फेस बोल्टिंग, मल्टीपल ड्रफ्टि वाली सक्विेंसियल एक्सकेवेशन, रिजिड सपोर्ट और शॉटक्रेटिंग इत्यादि द्वारा खोदी जाने वाली आई-सस्टिम प्रणाली से पूरा किया गया। सुरंग की आई सस्टिम प्रणाली को अपनाकर एमबीटी के जरिए सुरंग टी-1 की खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया और इस प्रकार कटरा से बनिहाल तक नई रेल लाइन के नर्माण की दिशा में एक नई उपलबधि हासिल की गई।



**अंबाला।** टनल टी वन को ब्रेक थ्रू करते रेलवे के इंजीनियर्स।

**बेहद उल्लेखनीय**

इस उपलबधि से कश्मीर घाटी को शेष भारत के रेल नेटर्वक से जोड़ने का स्वप्न साकार हो जाएगा। इस सुरंग का निर्माण ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के व्यापक संदर्भों में बेहद उल्लेखनीय है। इसके अंतर्गत कटरा और बनिहाल के बीच 38 सुरंगों का नर्माण शामिल है। इस रेलमार्ग पर सभी सुरंगों का नर्माण पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना में बेहतर नियोजन और विभन्नि इंजीनियरिंग तकनीकों का इस्तेमाल करके बेहद लंबी और भौगोलिक दृष्टि से सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण 3209 मीटर लंबी टी-1 सुरंग की खुदाई का कार्य अब सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह भारतीय रेल की ढांचागत प्रगति की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक, खुदाई का 318 मीटर और कंकरीट लाइनिंग का 680 मीटर कार्य को बैलेंस कर लिया गया है। शेष कार्य पूरी रफ्तार से दिन-रात चल रहा है। भारतीय रेल कश्मीर घाटी को देश के शेष रेल नेटवर्क से जोड़ने के और करीब पहुंच रही है।

## अदालत ने कंप्लेंट सैल की पूरी जानकारी मांगी

# नगर निगम अधिकारियों के गले की फांस बनी गंदगी

**कमिश्नर ने दिया शपथपत्र, कहा तीन घंटे में गंदगी की शिकायत का हो रहा समाधान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों की गले की फांस बन गया है। इस मुद्दे पर लगातार अदालत में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान कई मौकों पर अदालत ने निगम अधिकारियों को फटकार भी लगाई है। अब अधिकारियों की ओर से एक शपथपत्र दायर कर यह दावा किया है कि निगम में सफाई की शिकायत पर तीन घंटे के भीतर कार्रवाई हो रही है। इसी आधार अब अदालत ने उन शिकायतों का ब्यौरा मांग लिया जिन पर तीन घंटे के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। सिविल जज डॉ. मुकेश कुमार की अदालत में निगम की कमश्निर की ओर से दायर शपथपत्र में यह दावा किया गया कि 3 घंटे में कूड़े की शिकायत पर कार्रवाई हो जाती है। इसके लिए बाकायदा कंप्लेंट सैल का नर्माण किया गया है। शपथपत्र में इस बात का भी जक्रि है कि अगर 3 घंटे में शिकायत पर कार्रवाई नहीं होती तो कूड़ा उठाने वाली एजेंसी की पेमेंट में कटौती की जाती है। शपथपत्र के आधार पर अब अदालत ने इसकी पूरी जानकारी मांगी है। अदालत ने ये जानकारी मांगी है कि कंप्लेंट सैल कब स्थापित की गई। कितनी शिकायतों का तीन घंटे में भी समधान नहीं हो पाया। इन शिकायतों की वस्तिार से जानकारी मांगी गई है। साथ ही कंप्लेंट सैल की ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर भी मांगा गया है ताकि सैल में शिकायत की जा सके। अदालत ने कहा ये नंबर बड़े पैमाने पर जनता के लिए भी प्रसारित करना चाहिए तभी सफाई को लेकर नागरिकों में जागरुकता आ सकती है। इससे पहले निगम अधिवक्ता ने अदालत में अनुपालन रिपोर्ट दस्तावेजों सहित प्रस्तुत की। अदालत को कमश्निर द्वारा जारी 25 नवंबर 2022 के पत्र के साथ बताया कि एमसी अंबाला में डोर टू डोर सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन और कचरे के नस्तिारण जैसे सभी कार्यों की मंजूरी 19 दिसंबर 2022 को दी गई। इस अनुमोदन पत्र के बिंदु संख्या 6 के अनुसार नगर पालिका को एजेंसी के माध्यम से शिकायत प्रबंधन सेल के साथ एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और 3 घंटे के भीतर सभी शिकायतों का समाधान करने का नर्दिश दिया था। 3 घंटे में ऐसा न करने पर इस अनुमोदन पत्र में दिए प्रावधान के अनुसार एजेंसी से आवश्यक कटौती की जाएगी। उधर याची रोहित जैन ने कहा था कि भारी बजट खर्च करने के बावजूद वे शहर की सफाई नहीं हो रही। सीएम फ्लाइंग ने भी शहर की सफाई की जांच की थी जो जमीन पर शून्य पाई गई थी।



**अंबाला।** नगर निगम एरिया में लगे कूड़े के ढेर। *फोटो: हरिभूमि*

**वकीलों ने दायर की याचिका**

अंबाला शहर की सफाई को लेकर कुछ साल पहले एडवोकेट रोहित जैन की अगुवाई में वकीलों की ओर से अदालत में एक याचिका दायर की थी। याचिका में साफ कहा गया था कि भारी भरकम बजट खर्च करने के बावजूद तमाम शहर में गंदगी के अंबार हैं। वकीलों की ओर से ऐसे 22 प्वाइंट्स का जक्रि याचिका में किया गया था जहां गंदगी के अंबार लगे हुए थे। याचिका के साथ ही गंदगी के फोटो भी साथ लगाए गए थे। इसके बाद अदालत ने मामले में निगम अधिकारियों को तलब कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। अफसरों की कार्रवाई पर नजर रखने के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई थी जोकि सफाई का मुआयना करेगी। इस कमेटी ने भी आदेश के बावजूद निगम अधिकारियों पर सफाई के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। इसी आधार पर अदालत को निगम के अधिकारियों की गाड़ियों तक अटैच करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालांकि अदालत के बढ़ते दबाव की वजह से अब निगम अधिकारी हरकत में दिख रहे हैं।

# पंचकूला में अनोखे ढंग से मनेगा युवा दिवस

- विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विधान सभा सचिवालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

पंचकूला में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को युवा दिवस अनोखे अंदाज में मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाला समारोह पंचकूला के 7 सरोकारों के साये में रहेगा। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने आयोजन की विस्तृत तैयारियों के लिए वीरवार को विधान सभा सचिवालय में पंचकूला के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। तय हुआ कि आयोजन में जिला प्रशासन, नगर निगम, एचएसवीपी, स्वयंसेवी संगठनों और शिक्षण संस्थानों की भागीदारी रहेगी। बैठक में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, जिला आयुक्त सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द कहते थे कि "सफलता प्राप्त करने के लिए, अटल धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए।" उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासिनक अधिकारियों के धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ-साथ नागरिक समाज की सक्रिय भूमिका जरूरी है। उन्होंने पंचकूला के लिए 7 सरोकारों की जो मुहिम शुरू की थी, अब वह जन-अभियान का रूप ले चुकी है। 7 सरोकारों का धरातल पर असर दिखाने के लिए स्वामी विवेकानन्द जयंती सबसे उपयुक्त अवसर है। इसलिए 12 जनवरी 2024 को शहर में इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा।



# जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी

- आज-कल कलाकार सांस्कृतिक गतिविधियों में दिखाएंगे जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन अंबाला शहर के रामबाग मैदान (शिव मंदिर) में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज सुबह 9 बजे हवन यज्ञ के साथ होगा। दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभन्नि विभागों के स्टाल लगाए जाएंगे। यहां विभन्नि विभागों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। धार्मिक व सामजिक संस्थाओं द्वारा जो गतिविधियां की जा रही हैं उससे से संबंधित प्रदर्शनियां भी यहां पर लगाई जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि सोहन लाल डीएवी कॉलेज में 22 को गीता सेमिनार का भी आयोजन होगा। इसके साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर हरियाणा की संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। नगाड़ों, बीन वादक, डेरू पार्टी द्वारा अपनी बेहतर प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी जिसमें लोक कलाकारों व स्कूली वद्यिार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की रास लीलाएं, भजन गायन व अन्य प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

### मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार 18 जनवरी को जारी होगी सूची

**नारायणगढ़।** रिटर्निंग एवं उपमंडल अधिकारी सी जया शारधा ने बताया कि आयुक्त गुरूद्वारा चुनाव हरियाणा द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार हरियाणा सक्खि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां उप-मंडल अधिकारी व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में 3 जनवरी 2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि दावे एंव आपत्तियों को प्राप्त करने की तिथि 3 जनवरी 2024 है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए (नियम 13 (2)) के अन्तर्गत नोटिस जारी किया जाएगा जिसकी अंतिम तिथि 6 जनवरी है। उस व्यक्ति को वितरित किया जाएगा जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की गई है। नए एडिशंस का पंजाबी में कन्वर्शन 15 तक किया जाएगा। बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निवारण रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 13 तक किया जाएगा। हरियाणा सक्खि गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 को किया जाएगा।

# ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन में फोर्टिस सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

एक अभूतपूर्व चिकित्सा प्रगति में, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने अपनी पहली हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जरी और तीसरी मृत डोनर किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह ऑपरेशन अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने इसे उत्तरी भारत में दिल्ली-एनसीआर तक पहला निजी हेल्थकेयर हार्ट ट्रांसप्लांट और मृत डोनर किडनी ट्रांसप्लांट के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया है।एडवांस हार्ट फेलियर से पीड़ति एक 50 वर्षीय पुरुष रोगी पर हार्ट ट्रांसप्लांट एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हेड-कार्डियक सर्जरी डॉ. टीएस महंत के नेतृत्व में कार्डियक सर्जरी टीम द्वारा किया गया जिसमें डॉ अंबुज चौधरी, डॉ मनोरंजन साहू, डॉ आलोक सूर्यवंशी और डॉ मो. लुकमान शामिल हैं। इन्हें कार्डियोलॉजी के हेड़ व डायरेक्टर और कैथलैब्स के डायरेक्टर डॉ. आरके जसवाल और कार्डियोलॉजी के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अरुण कोचर के नेतृत्व वाली कार्डियोलॉजिस्टस की टीम ने भरपूर समर्थन दिया।यह ऑपरेशन 50-वर्षीय ब्रेन-डेड डोनर की बदौलत संभव हुआ, जिसने 67-वर्षीय प्राप्तकर्ता के लिए किडनी भी प्रदान की। डोनर के लीवर को 'ग्रीन कॉरिडोर' के माध्यम से जयपुर के एक अस्पताल में पहुंचाया गया। रोपड़ स्थित डोनर को इंट्राक्रैनियल ब्लीडिंग और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण 25 नवंबर को फोर्टिस अस्पताल मोहाली में भर्ती कराया गया था।



# रोड एक्सीडेंट में गोल्डन ऑवर महत्वपूर्ण

- सड़क दुर्घटनाओं में 70 % लोगों की जान तेज गाड़ी चलाने से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

" पिछले 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है , जबकि भारत में इसमें 15.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोल्डन ऑवर में किसी भी दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और आम जनता में इस पर जागरूकता जरूरी है।

अगर मरीज सही समय पर सही जगह पहुंच जाए तो बहुत सारी जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।" 'राइजिंग ट्रेंड ऑफ रोड एक्सीडेंट और ट्रॉमा सर्विसेज इन नॉर्थ इंडिया' पर गुरुवार को यहां आईवीवाई अस्पताल, मोहाली द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते आईवी एलीट इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के चेयरमैन एंड एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ मनुज वाधवा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के मामले में पंजाब की सड़कें बहुत घातक हैं। 2022 में पंजाब में 6122 सड़क दुर्घटनाएं हुईं और सड़क दुर्घटनाओं में 4688 मौतें हुईं। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में 70 प्रतिशत लोगों की जान तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण जाती है।



**दोपहिया वाहन हादसे में मरने की संभावना ज्यादा**

सीनियर न्यूरोसर्जन डॉ विनीत सग्गर ने कहा,भारत में ट्रॉमा के मामलों में तेज गति से गाड़ी चलाना और सीट बेल्ट न पहनना सिर में चोट लगने के प्रमुख मामले हैं। इसके अलावा नशे में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती तोड़ना, ड्राइवर का ध्यान भटकाना, ड्राइविंग लेन का पालन न करना और गलत साइड से ओवरटेक करना भारत में सड़क दुर्घटनाओं के अन्य कारण हैं। हेड इमरजेंसी डॉ चेतन गोयल ने साझा किया कि दोपहिया वाहन परिवहन के सबसे असुरक्षित तरीकों में से एक हैं। संयुक्त राष्ट्र मोटरसाइकिल हेलमेट अध्ययन कहता है, यात्री कारों के चालकों की तुलना में मोटरसाइकिल चालकों की सड़क दुर्घटना में मरने की संभावना 26 गुना अधिक है। उचित हेलमेट पहनने से उनके जीवित रहने की संभावना 42 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और मस्तिष्क की चोट का खतरा 74 प्रतिशत कम हो जाता है।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे टीचरों को मिले पूरा वेतन, प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई मांग

**बराड़ा।** राजकीय प्राथमिक शक्षिक संघ 421 की एक बैठक आयोजन खंड प्रधान तरविंदर शर्मा की अध्यक्षता में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। खंड प्रधान ने कहा कि संगठन द्वारा प्रदेश सरकार को पहले भी आग्रह किया गया है कि सभी अध्यापकों को मेडिकल लीव की सुविधा प्रदान की जाए तथा जो भी अध्यापक अगर किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त कोमा की स्थिति में पहुंचता है, तो ऐसे समय में सरकार द्वारा अध्यापक को पूरा वेतन दिया जाना चाहिए। इस स्थिति में उसका अर्जित अवकाश भी नहीं काटा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आने वाली 24 तारीख को राजकीय प्राथमिक शक्षिक संघ 421 खंड की नई कमेटी का गठन राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया जाना है। उन्होंने सभी अध्यापकों को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर सुरेंद्र मोहन, सुनील चावला, जसपाल,विकास, तरसपाल, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## गृहमंत्री अनिल विज ने दस लाख रुपये देने का किया ऐलान

# मिशन अस्पताल में आपरेशन थियेटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि उपासना घर एक चर्च, एक मंदिर, गुरूद्वारा व एक मस्जिद हो सकती है। उपासना एक अस्पताल भी हो सकती है। जहां भगवान के बंदों का ईलाज किया जा सकता है, ये अपने आप में बहुत बड़ी उपासना है और सेवा का यह कार्य धार्मिक भाव के साथ किया जाए तो सोने पर सुहागा होता है। विज वीरवार को मिशन अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। गृहमंत्री ने अस्पताल में बनाए गए मॉर्डन ऑप्रेशन थियेटर का भी उदघाटन किया। साथ ही अपने स्वैच्छिक कोष से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। विज ने इस मौके पर उपस्थित सभी को क्रिसमिस पर्व की भी बधाई देते हुए कहा कि निदेशक डॉ. सुनील सादिक के मार्गदर्शन में इस अस्पताल में मानव जाति की सेवा के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं। सादिक व अस्पताल की पूरी टीम हर समय मानव जाति की सेवा के लिए तत्पर रहती है।



**अंबाला।** नवनर्मिति आपरेशन थियेटर की सुविधाओं का जायजा लेते गृह एवं स्वास्थ्य अनिल विज। *फोटो: हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि यहां पर मॉर्डन ऑप्रेशन थियेटर का उदघाटन हुआ है जिससे चिकत्सिा सुविधा में डाक्टरों के साथ-साथ अन्य को इसका फायदा मिलेगा। समय में परिवर्तन आ रहा है, पहले टेबल पर ऑप्रेशन होते थे, अब आत्याधुनिक चिकत्सिा सुविधाओं से युक्त मशीनों के माध्यम से ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास स्वास्थ्य विभाग है।अंबाला छावनी का नागरिक अस्पताल उत्तर भारत का सबसे बेहतरीन अस्पताल है। बीते दिनों यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक साथ 146 नए अस्पताल खोले गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। भारत 38 वां देश होगा जो विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल होगा। इससे पहले 37 देश विकसित राष्ट्र बन चूके हैं। मौके पर शैली खन्ना, बब्बू सोनी, डीएसपी रमेश कुमार के साथ मिशन अस्पताल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### युवा शक्ति के दम पर विकसित हो रहा देश

**शहजादपुर।** राजकीय महिला कॉलेज में वाणज्यि और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आइडिया फॉर विकसित भारत तथा हाउ टू हैंडल इंटरव्यू सक्सेसफूली विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। इसमें राजकीय महावद्यिालय मोरनी की प्राचार्या शैलजा छाबड़ा ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन करते हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नर्मिल सिंह ने उक्त विषयों की वस्तिृत भूमिका प्रस्तुत की। प्राचार्य रजनी भल्ला ने कहा कि भारत एक युवा देश है और अपनी युवा शक्ति के बल पर यह विकसित राष्ट्र की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य वक्ता शैलजा छाबड़ा ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में कर्म सद्धिांत सबसे महत्वपूर्ण है। देश के सभी नागरिक चाहे वह किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हों जब सभी अपने-अपने कर्म को पूरी निष्ठा और लगन से पूरा करेंगे।